हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

11 पीलीमंदौरी और सूलीखेड़ा के विद्यालयों को मिलेगा पुरस्कार



11 राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं ने दिखाया जोश...



## खबर संक्षेप

### गांजा तस्करी में दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया पुलिस ने मार्केट कमेटी रतिया क्षेत्र से एक व्यक्ति को गांजा सहित काबू किया है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल ने बताया कि सीआईए रतिया की टीम शहर रतिया क्षेत्र में नशीले पदार्थों की रोकथाम को लेकर गश्त कर रही थी। इसी दौरान मार्केट कमेटी रतिया के पास एक व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर घबराकर पीछे मुडक़र भागने का प्रयास करने लगा, जिसे शक के आधार पर तत्परता से काबू किया गया।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित आरोपी काबू

**सिरसा।** एटीं नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते रोडी थाना क्षेत्र में एक युवक को 315 बोर अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस सहित काबू किया है। एटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान सुखचैन रोड़ से होते हुए गांव भादडा की तरफ जा रही थी। इस दौरान कार्रवाई की गई।

### दो दोस्तों पर हमला कर किया घायल

**सिरसा।** शहर की मार्केट में दो दोस्तों पर कुछ युवकों ने मिलकर हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में बलविंद्र सिंह ने बताया कि वह प्राइवेट काम करता है। बीते दिवस वह अपने दोस्त फ्रेंडस कॉलोनी के अमृतपाल के साथ स्कॉर्पियों गाड़ी में सवार होकर ऑटो मार्केट में कृपा राम की दुकान पर जा रहा था। जब वह वहां पहुंचे, तो साइड में खड़े मेजर गिल, रोबिन कुकरेजा व अन्य 8-10 लडक़ों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया और गाड़ी पर ईंट-दातरों से हमला कर दिया।

### धान चोरी की वारदात सुलझी, आरोपी काबू

**सिरसा।** पुलिस ने अनाज मंडी से 8 कट्टा धान चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को काबू कर लिया है। शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि सुभम पुत्र संदीप कुमार निवासी सी ब्लॉक सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 दिंसबर की रात्रि को अज्ञात युवक अनाज मंडी सिरसा से 8 कट्टा धान चोरी करके ले गया।

### 15 तक ट्रैक्टर अनुदान के लिए करें आवेदन

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान जिला के एससी वर्ग के किसानों को नए 45 हॉर्स पावर या उससे अधिक क्षमता वाले ट्रैक्टर पर सरकार द्वारा अधिकतम तीन लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत पात्र किसान 15 जनवरी तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

---

आबकारी विभाग की टीम की कार्रवाई से लोगों में हड़कंप

# नए साल पर होटलों में अवैध रूप से छलक रहे थे जाम टीम ने दो होटलों पर की रेड, एक लाख रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला आबकारी एवं कराधान विभाग ने 31 दिसंबर की रात को शहर में दो होटलों पर रेड की। इस दौरान विभाग की टीम ने पाया कि दोनों होटलों में काफी संख्या में शहर के युवा सरेआम शराब का सेवन कर रहे थे। आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो इन युवाओं में हडकंप मच गया। टीम ने होटल मालिकों से शराब परोसने को लेकर लाइसेंस मांगा। होटल मालिकों ने कोई लाइसेंस न होने की बात कही तो टीम ने इन्हें नोटिस देते हुए 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। डीईटीसी अमित खनगवाल ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि चर्चा यह भी है कि एक होटल पर कानूनी कार्रवाई भी की गई है।

## नववर्ष पर होटल में शराब परोसने का लाइसेंस लें होटल मालिक

### जुर्माना नहीं भरने पर होगी एफआईआर

जिला आबकारी एवं कराधान आयुक्त ने दो दिन पूर्व ही होटल मालिकों को चेताया था कि या तो वह नियम 12 के तहत नववर्ष पर होटल में शराब परोसने का लाइसेंस ले लें। विभाग द्वारा कई टीमों का गठन किया गया है जोकि होटलों पर जाकर चैकिंग करेंगे। जिस भी होटल मालिक अवैध रूप से शराब परोसते पाया गया तो उस होटल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने होटल मालिकों से शराब परोसने के लाइसेंस के लिए नियम 12 के तहत 5 लाख रुपये फीस भरने के निर्देश दिए थे लेकिन किसी भी होटल संचालक ने नववर्ष पर शराब पिलाने का लाइसेंस नहीं लिया। 31 दिसंबर की रात को करीब 10 बजे विभाग की टीम ने नेशनल हाइवे स्थित होटल लजीज व हुडा सैक्टर स्थित अमात्रा रिसोर्ट्स में रेड कर दी। दोनों जगह काफी संख्या में लोग शराब पीकर नए साल का जश्न मना रहे थे। मौके से टीम ने शराब की बोतलें भी बरामद की हैं। टीम ने दोनों होटलों पर 50-50 हजार का जुर्माना लगाते हुए उन्हें तीन दिन का नोटिस दिया है। इस दौरान होटल संचालकों ने जुर्माना राशि नहीं भरी तो दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जा सकती है।



### शहर में धूमधाम से मनाया गया नववर्ष

शहर में नववर्ष का स्वागत लोगों ने नाच-गाकर किया। नववर्ष को लेकर शहर के विभिन्न होटलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। रतिया रोड स्थित कच्ची हवेली में पंजाबी गायकों ने अपने गीतों से समां बांधा तो बीघड़ रोड स्थित शैपाबी रिसोर्ट्स में भी नववर्ष पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यहां हरियाणवीं कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इसके अलावा शहर के मंदिरों में भी नववर्ष पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम हुए। श्री श्याम मंदिरों में भक्तों ने 'जय श्री श्याम' के जयकारों के साथ नववर्ष का स्वागत किया। साल के पहले दिन श्याम मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

### मोबाइल हैक कर खाते से निकाले 5 लाख रुपये

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने जिले के एक किसान के खाते से 5 लाख रुपये निकाल गए। किसान का आरोप है कि अज्ञात ठगों ने उसके मोबाइल फोन को हैक कर यह राशि निकाली है। इस पर उसने इस बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद अब साइबर क्राइम थाना फतेहाबाद में धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में जिले के गांव रत्ताथेह निवासी सतनाम सिंह पुत्र गुरमेल सिंह ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। 20 नवंबर दोपहर को उसके पास बैंक का मैसेज आया कि उसके बैंक खाते से 50 हजार रुपये निकाले गए हैं। उसने मैसेज देखकर अपना खाता चैक किया तो उसमें 73 रुपये दिखा रहा था।

---

## आने वाले दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

# पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ा, अब बरसात नहीं कोहरा और शीतलहर सताएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नए साल की सुबह पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से क्षेत्र में हलकी बारिश हुई, जिसके बाद कोहरे से कुछ राहत मिली लेकिन कुछ घंटों में ही बादलवाई व धुंध के कारण पूरा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में आ गया। दरअसल पश्चिमी विक्षोभ मामूली एक्टिव हुआ और आगे बढ़ गया। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि अब बरसात नहीं कोहरा और शीत लहर भयावह हालात करेगी। इसके लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। उधर, पहाड़ों पर स्नो फॉल होने से प्रदेश में ठंड लगातार बढ़ रही है। अलसुबह व देर शाम को शीत लहर के चलते लोग कंपकपाने को मजबूर है। फतेहाबाद का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री व अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले बुधवार का दिन मौसम का सबसे ठंडा दिन माना गया था। इस बीच मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर शीत लहर की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के अनुसार 5 जनवरी तक उत्तर व उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने से विशेषकर रात्रि तापमान में फिर से गिरावट आएगी।

**फतेहाबाद का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री व अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया**



**फतेहाबाद।** घने कोहरे की चपेट में शहर। *फोटो : हरिभूमि*



**फतेहाबाद।** घने कोहरे में जाखल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

### आज कुछ इलाकों में बुंदाबांदी की संभावना

प्रदेश में मौसम आमतौर पर 2 जनवरी तक परिवर्तनशील रहेगा। राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बादलवाई रहने तथा कहीं कहीं छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश संभावित है। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी तथा नमी बढने से ज्यादातर क्षेत्रों में पर अलसुबह धुंध भी रहने की संभावना है। 5 जनवरी तक उत्तर व उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने से विशेषकर रात्रि तापमान में फिर से गिरावट आएगी।
-**डॉ. मदन खीचड़**, एचएयू मौसम विभाग हिसार

### प्रदेश में उत्तराखंड में बर्फबारी का असर

बता दें कि लंबे इंतजार के बाद उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में सर्दियों में बारिश देखने को मिल रही है। हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में अच्छी बर्फबारी का असर हरियाणा में देखने को मिल रहा है। हिमाचल में सीजन की अच्छी बर्फबारी होने का कारण पश्चिमी विक्षोभ है। इसके बाद हरियाणा के कुछ हिस्सों में भी हलकी बारिश की गतिविधियां रही। मौसम विभाग का मानना है कि पश्चिमी विक्षोभ के आगे निकलने के बाद पहाड़ों से आने वाली उत्तर पश्चिमी ठंडी हवाएं मैदानी इलाकों के तापमान में बड़ी गिरावट लाएंगी, जिसके कारण जबरदस्त ठंड देखने को मिल सकती है। इन दिनों हरियाणा में तापमान 7 डिग्री के आसपास चल रहा है जबकि अधिकतम तापमान 18 से 22 डिग्री के बीच घूम रहा है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि आगे पश्चिम विक्षोभ की संभावना नहीं है लेकिन कमजोर श्रेणी के पश्चिमी विक्षोभ आते रहेंगे।

---

गांव पीलीमंदौरी में हुई पंचायत में बालक बोले

# चाची ने पुलिस का डर दिखाकर कोठड़ी में रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶. फतेहाबाद

जिले के भट्टू क्षेत्र के गांव पीलीमंदौरी में दो बच्चों को उनकी चाची द्वारा अपने घर में करीब 20 घंटे तक नरमे की ढेरी में छिपाकर रखने के मामले में गुरूवार को गांव में पंचायत हुई। पंचायत में पहुंचे दोनों बालकों ने पूरी कहानी गांववालों के सामने बताई। पंचायत में दोनों बालकों ने अपनी चाची पर उन्हें डरा धमका कर अपने घर में रखने के आरोप लगाए। पंचायत में मौजूद ग्रामीणों ने भट्टू पुलिस से पूरे मामले की जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की जिस पर पंचायत में पहुंचे भट्टू थाना प्रभारी राधेश्याम ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में पूरा मामला को उजागर कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने पुलिस को 5 दिन का समय देते हुए मामले का पटाक्षेप करने और इस घटना में शामिल अन्य लोगों पर भी कार्रवाई करने की मांग की। बता दें कि 28 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे गांव पीलीमंदोरी में 14 साल के दो बच्चे अक्षय और विनय एकाएक गायब हो गए। इस पर परिजन रातभर दोनों बच्चों को ढूंढते रहे लेकिन उनका कहीं कुछ पता नहीं चला तो इस बारे पुलिस को सूचना दी गई। इस पर पुलिस ने अगले दिन दोपहर करीब 2 बजे पुलिस ने डॉग स्क्वॉयड की मदद से दोनों बच्चों को उन्हें विनोद और सुनीता के घर से ढूंढ निकाला। दोनों बच्चे नरमे की ढेरी में छिपे हुए थे।



**फतेहाबाद।** गांव पीलीमंदौरी में पंचायत में पूरी कहानी बताते बालक।

### बच्चों ने बताया पूरा मामला

गांव में हुई पंचायत में दोनों बालकों ने बताया कि घटना के दिन वे बाइक पर ढाणी से गांव गए। जहां चाचा नरेश मिला। नरेश उन्हें राजबीर के घर ले गया और वहां से छोडक़र चला गया। वहां चाची सुनीता आई और उन्हें अपने साथ ले गई और राजबीर से मिलने नहीं दिया। बालकों के अनुसार चाची ने उन्हें कहा कि उनकी मां का फोन आया है और कहा है कि पिता ने किसी को मार दिया, इसलिए ढाणी में पुलिस आई है और पूरे परिवार को पकड़ लिया है, तुम्हें भी पकड़ लेगी। किशोरों ने बताया कि उन्हें पुलिस का डर दिखाकर कोठड़ी में रखा और चाय आदि भी पिलाई। बाद में उन्हें एक पेटीज लाकर दी और कहा कि यह उनका मामा देकर गया है। फिर उनके कोट आदि खुलवा लिए और कहा कि यह नहर पर फेंक आएंगे ताकि लोग उधर बालकों को ढूंढते रहें। उन्हें बार-बार पुलिस का डर दिखाया गया।

---

# ट्रेडिंग के नाम पर 23.93 लाख गंवाए

- जीजा-साला हुए साइबर ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

साइबर ठगों ने टोहाना में जीजा-साले को अपना शिकार बनाते हुए ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर उनसे 23 लाख 93 हजार रुपये हड़प लिए। जीजा-साला को जब अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद अब साइबर थाना फतेहाबाद में धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में कृष्णा कालोनी, नजदीक पुराना बस स्टैण्ड, टोहाना निवासी नीरज बंसल ने कहा है कि उसके जीजा विकास पुत्र रमेश निवासी टोहाना उसके घर आए हुए थे। विकास के मोबाइल पर व्हाटसएप्प कॉल आई जिसने हमें ऑनलाइन ट्रेडिंग के बारे में बताया और कहा कि उनके द्वारा जमा की हुई राशि पर मुनाफा मिलेगा।

### वापस मांगने पर जवाब देना किया बंद

सके बाद जब उसने अपने द्वारा जमा की गई राशि को मुनाफे सहित वापस करने को कहा तो उससे कहा गया कि वह और राशि जमा करवा दें, वह उसे सारी राशि मुनाफे के साथ वापस कर देंगे। नीरज के अनुसार इसके बाद उसने और रुपये जमा करवाने से इंकार कर दिया तो उक्त लोगों ने उसका जवाब देना बंद कर दिया। इस पर उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला। इस पर उसने इस बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई।

# नहर पर सुरक्षा दीवार न होने से हादसे का खतरा

- सिंचाई विभाग की बड़ी लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

बींजा लाम्बा ढाणी से मल्हड़ की ओर जाने वाली नहर के पास सिंचाई विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बाबा पीर भुरू वाला टिब्बा के समीप नहर पर तिराहा सडक़ बनी हुई है, लेकिन नहर के दोनों किनारों पर आज तक सुरक्षा दीवार यानि सेफ्टी वॉल का निर्माण नहीं किया गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैंकड़ों वाहन गुजरते हैं। चुघा अहली से सीधे जांडवाला, मल्हड़ से जांडवाला तथा मल्हड़ से बीजा लम्बा ढाणी की ओर जाने वाले वाहन इसी तिराहे से होकर निकलते हैं। वर्तमान में धुंध का मौसम होने के कारण हादसों की आशंका और भी बढ़ गई है। किसी भी समय कोई बड़ा दुर्घटना घट सकती है। स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं में सिंचाई विभाग के प्रति भारी रोष है।



**फतेहाबाद।** बीजा लाम्बा ढाणी से मल्हड़ रोड पर नहर पर खुला रास्ता।

### प्रशासन से मांग

हंसराज कम्बोज, महेंद्र पाल, कश्मीर, मंगत व प्रवीण सहित ग्रामीणों का कहना है कि जब यहां मेला लगता है तो कई बार बच्चे और राहगीर नहर में गिर चुके हैं। पहले भी अनेक घटनाएं हो चुकी हैं, बावजूद इसके सिंचाई विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि लोगों की सुरक्षा को देखते हुए नहर के दोनों किनारों पर जल्द से जल्द पक्की सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

---

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद की कार्रवाई

# दो नशा तस्कर 24 किलो 955 ग्राम गांजा सहित बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने नए साल के पहले दिन टोहाना-नरवाना रोड पर स्थित गांव बलियाला के पास घेराबंदी कर नशीले पदार्थ गाँजा की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ, तस्करी में प्रयुक्त कार और मोबाइल बरामद किए गए हैं। यूनिट प्रभारी उप-निरीक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि फतेहाबाद यूनिट की एक टीम एएसआई रोशन लाल के नेतृत्व में नशा रोकथाम हेतु थाना सदर टोहाना क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दो तस्कर काबू किए।



**फतेहाबाद।** नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो द्वारा पकड़े गए नशा तस्कर। *फोटो : हरिभूमि*

### नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जांच जारी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरुदेव उर्फ जोनी पुत्र राजबीर और सोनू पुत्र बलवान निवासी गांव धमतान साहिब, जिला जीन्द के रूप में हुई है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सदर टोहाना में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी बड़े स्तर पर नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त हैं। पुलिस आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड हासिल करेगी, ताकि नशा तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य चेहरों और मुख्य सप्लायरों का पता लगाया जा सके।

---

## पुलिस कार्रवाई : करोड़ों की संपत्ति बरामद, 1227 आरोपी सलाखों से पीछे भेजे

बरामदगी के मामलों में भी फतेहाबाद पुलिस ने दर्ज की उल्लेखनीय प्रगति

# वर्ष 2025 में तीन गुना बढ़ी गिरफ्तारी 18 आपराधिक गिरोहों का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस ने वर्ष 2025 के दौरान संपत्ति विरुद्ध अपराधों के खिलाफ सख्त और प्रभावी अभियान चलाते हुए काफी सफलता दर्ज की है। विशेष अभियानों के तहत फतेहाबाद पुलिस ने कुल 1227 अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा, जो वर्ष 2024 की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2024 में जहां 470 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई थी, वहीं वर्ष 2025 में यह आंकड़ा बढक़र 1227 तक पहुंच गया। इस प्रकार पुलिस ने 757 अतिरिक्त अपराधियों को कानून के शिकंजे में लिया। वर्ष 2025 के दौरान फतेहाबाद पुलिस ने चोरी, लूट, डकैती, गृहभेदन, वाहन चोरी, स्नैचिंग, तार चोरी सहित अन्य चोरी की घटनाओं में संलिप्त 18 संगठित आपराधिक गिरोहों का पर्दाफाश किया। इन मामलों में 52 आरोपियों को गिरफ्तार कर 67 वारदातों का खुलासा करते हुए 30 लाख 53 हजार 120 रुपये की संपत्ति बरामद की गई। अलग-अलग मामलों में की गई कार्रवाई के तहत पुलिस ने सामान्य चोरी के 77 मामलों में 139 आरोपी गिरफ्तार किए।



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन।

### उद्घोषित भगोड़ों के खिलाफ चलाया अभियान

फतेहाबाद पुलिस ने उद्घोषित भगोड़ों के खिलाफ भी बड़ा अभियान चलाया। वर्ष 2025 में 428 भगोड़ों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से करीब 70 अपराधी ऐसे थे जो 15 वर्ष से अधिक समय से फरार चल रहे थे और पहचान छिपाकर पुलिस को चकमा दे रहे थे। बरामदगी के मामलों में भी फतेहाबाद पुलिस ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि मोटर वाहन चोरी में वर्ष 2024 में 26,04,100 रुपये जबकि वर्ष 2025 में 91,86,792 रुपये की बरामदगी हुई, जो दोगुनी से अधिक है। मोटर पशु चोरी, ट्रांसफार्मर चोरी व अन्य चोरी में वर्ष 2024 में 84,33,220 रुपये जबकि वर्ष 2025 में 1,22,43,162 रुपये की बरामदगी की गई। स्नैचिंग में वर्ष 2024 में 3,03,100 रुपये जबकि वर्ष 2025 में 5,73,300 रुपये बरामद किए गए। गृहभेदन में वर्ष 2024 में 64,17,750 रुपये, जबकि वर्ष 2025 में 2,03,91,515 रुपये की चोरीशुदा नगदी बरामद की गई। लूट के मामलों में वर्ष 2024 में 5,38,720 रुपये, जबकि वर्ष 2025 में 6,24,700 रुपये की बरामदगी हुई, जो 16 प्रतिशत अधिक है।

## खबर संक्षेप

### रमेश साहुवाला बने प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। नई दिल्ली में आयोजित मां तारा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक में लायंस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष रमेश साहुवाला को प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। ट्रस्ट के सचिव सोहन लाल ने बताया कि ट्रस्ट की बैठक चेयरमैन नंद किशोर अग्रवाल की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई। इस बैठक में स्वामी रमेश साहुवाला को ट्रस्ट का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही उन्हें ट्रस्ट की शाखाएं पूरे प्रदेश में खोलने के लिए अधिकृत किया गया। रमेश साहुवाला ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वे उसमें खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही ट्रस्ट की शाखाएं पूरे प्रदेश में खोलेंगे।

### सेवा भारती ने चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**टोहाना**। सेवा भारती द्वारा इंदिरा कॉलोनी स्थित रविदास मंदिर में लाला पृथ्वी चंद गर्ग की स्मृति में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 115 मरीजों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई। शिविर में मुफ्त शुगर टेस्ट, स्पायरोमीटर की सहायता से फेफड़ों की जांच के बाद दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। इस शिविर में डॉ. शिव सचदेवा, डॉ. गोपी, विशाल बंसल सिस्टमैटिक लैबोरेट्री तथा अजय शर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में पार्षद राकेश मस्तु, सुभाष खोबडा, जगसीर शर्मा तथा महेंद्र ने भी कैंप में अपनी सेवाएं दी।

### शादी का झांसा देकर ठगी मामले में महिला काबू

**फतेहाबाद**। शादी का झांसा देकर ठगी करने करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने एक महिला आरोपी को काबू किया। इससे पहले इसी मामले में तीन अन्य आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि शिकायतकर्ता कृष्णा पत्नी राजेन्द्र सिंह निवासी डाया, जिला हिसार ने आरोप लगाया कि उसके पुत्र सुनील की शादी का झांसा देकर आरोपी और उनके साथियों ने उससे 70 हजार रुपये ठगी की। शिकायत के अनुसार आरोपी और उनके सहयोगियों ने शिकायतकर्ता को फतेहाबाद रोड, रतिया स्थित होटल में बुलाया और पहले 60 हजार रुपये वसूले, फिर विवाह की कोई व्यवस्था किए बिना फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने जांच कर आरोपी छिंदर कौर पत्नी गुरदीप सिंह को काबू कर लिया है।

### महिला पर हमले करने के मामले में आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद**। महिला पर हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया गया। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि महिला शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 29 दिसंबर को सुबह लगभग 11 बजे, वह बांग में गोबर पाथ रही थी। इसी दौरान पड़ोसी अमित पुत्र नन्हा राम, निवासी अमानी पीछे से आया और उसके मुंह को दोनों हाथों से बंद करके धमकी दी कि अगर उसने शोर मचाया तो उसकी जान ले ली जाएगी। शिकायतकर्ता ने बड़ी मुश्किल से अपने हाथ मुक्त किए और शोर मचाया। पास में गोबर पाथ कर रही दूसरी महिला ने आवाज सुनकर आरोपी को देखकर भाग जाने का मौका दिया।

### बाईक सवार युवक को चूरापोस्त सहित पकड़ा

**फतेहाबाद**। सीआई फतेहाबाद पुलिस ने चूरा पोस्त सहित एक युवक को काबू किया है। आरोपी की पहचान पवन पुत्र मोहन लाल, निवासी गांव कुकड़ावाली, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। सीआई फतेहाबाद प्रभारी उप-निरीक्षक वेदपाल ने बताया कि एएसआई सुखविंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। जब टीम एनएच-9 पर दरियापुर से आगे पहुंची तो सर्विस लाइन पर एक युवक मोटरसाइकिल की टंकी पर सफेद रंग का प्लास्टिक कट्टा रखे संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस गाड़ी को देखकर युवक मोटरसाइकिल स्टार्ट कर ढाणी चानणवाली की ओर भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे मोटरसाइकिल सहित काबू किया।

---

### स्कूल सौंदर्यीकरण योजना का परिणाम घोषित

# पीलीमंदौरी और सूलीखेड़ा के राजकीय विद्यालयों को दिया जाएगा पुरस्कार

- खंड स्तर पर विजेता स्कूलों के बीच अब जिला स्तर का पुरस्कार पाने के लिए प्रतियोगिता होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद**। राजकीय प्राथमिक पाठशाला पीलीमंदौरी। *फोटो : हरिभूमि*

जिले में खंड स्तरीय मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण योजना का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस योजना के तहत भट्टू खंड में प्राइमरी कैटेगरी में गांव पीली मंदोरी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल को पहला स्थान मिला है, वहीं, मिडिल कैटेगरी में गांव सूलीखेड़ा के राजकीय माध्यमिक स्कूल ने पुरस्कार जीता है। सूलीखेड़ा स्कूल ने तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। इससे पहले साल 2016 और साल 2022 में भी स्कूल पहले नंबर पर रह चुका है।

बता दें कि नवंबर महीने में एसडीएम राजेश कुमार की अध्यक्षता में गठित कमेटी की गई। इस कमेटी की ओर से इस पुरस्कार के लिए नामित सभी स्कूलों की जांच की गई थी। कमेटी में बीईओ भी शामिल रहे। सभी मापदंडों को परखने के लिए बाद अब यह रिजल्ट घोषित किया गया है। इस पुरस्कार की प्रतियोगिता के दौरान स्कूलों में साफ-सफाई, रंग-रोगन, बिल्डिंग, हरियाली, शैक्षणिक वातावरण, बच्चों के लिए आकर्षक शैक्षणिक मॉडल और नवाचारों को प्रमुख आधार बनाया गया। निर्णायक टीम ने सभी मानकों के आधार पर मूल्यांकन कर विजेता स्कूलों का चयन किया। पीली मंदोरी के प्राइमरी स्कूल में सीमित संसाधनों और स्टाफ की कमी के बावजूद न केवल शैक्षणिक एवं भौतिक वातावरण में सुधार किया, बल्कि स्टूडेंट्स की संख्या में भी लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। स्कूल में स्वीकृत पदों के विरुद्ध शिक्षकों की कमी थी। इस कारण पढ़ाई प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए स्कूल प्रशासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा बीईओ बलवान सिंह एवं डीईईओ से मुलाकात कर अवगत कराया गया। इसके बाद स्कूल में डेपुटेशन पर टीचर्स भेजकर पढ़ाई करवाई गई। खंड स्तर पर विजेता स्कूलों के बीच अब जिला स्तर का पुरस्कार पाने के लिए स्पर्धा होगी। ब्लॉक स्तर पर चयनित स्कूलों को 50 हजार रुपए, जबकि जिला स्तर पर चुने गए स्कूलों को एक लाख रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। योजना का पैसा स्कूल के विकास कार्य पर खर्च किया जाता है। हर साल सरकारी स्कूलों में यह प्रतियोगिता कराई जाती है।

---


**फतेहाबाद**। पदोन्नत एएसआई संदीप को बधाई देते एसपी। *फोटो : हरिभूमि*

# मुख्य सिपाही संदीप कुमार एएसआई पद पर पदोन्नत

### एसपी सिद्धांत जैन ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- यह पदोन्नति विभाग के प्रत्येक पुलिसकर्मी के लिए प्रेरणादायक संदेश

नव वर्ष के शुभ अवसर पर पुलिस विभाग में उत्साह और प्रेरणा का माहौल देखने को मिला, जब उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और निरंतर बेहतर प्रदर्शन के आधार पर मुख्य सिपाही संदीप कुमार को सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) पद पर पदोन्नत किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नव वर्ष की यह पदोन्नति न केवल संदीप कुमार की कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार सेवा का सम्मान है, बल्कि विभाग के प्रत्येक पुलिसकर्मी के लिए प्रेरणादायक संदेश भी है। उन्होंने कहा, संदीप जैसे मेहनती, अनुशासित और समर्पित अधिकारी पुलिस विभाग की वास्तविक ताकत हैं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे नई जिम्मेदारी को भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और तत्परता के साथ निभाएंगे। पदोन्नत अधिकारी संदीप कुमार ने इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पदोन्नति उन्हें जनसेवा के प्रति और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगी। इस अवसर पर उपस्थित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने भी संदीप कुमार को नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

---

### *कबड्डी में गीता स्कूल व बेगू की टीम बनी विजेता*



*सिरसा। गीता एजुकेशन सोसायटी द्वारा गीता सीनियर सैकेंडरी स्कूल मैदान में 32 किलोग्राम भार वर्ग की विशाल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में हिसार, भिवानी, जींद और सिरसा जिले की जानी-मानी कुल 17 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहपुर बेगू की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गुड़ियाखेड़ा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। शाहपुर बेगू के रवि को बेस्ट रेडर तथा गुड़ियाखेड़ा के भव्य को बेस्ट कैचर का पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेता रही प्रथम टीम को 7100 और द्वितीय स्थान पर रही टीम को 5100 रुपए की नगद राशि तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि हरियाणा खेल के क्षेत्र में पूरे देश में अग्रणी रहा है। राज्य सरकार युवाओं को खेलों से जोडने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। प्राचार्य डॉ. जगदीश नारंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क, आत्मविश्वास और मित्रता कौशल का विकास करना है। विद्यालय की जीत पर गीता एजुकेशन सोसाइटी की एमडी रमनदीप कौर ने खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को बधाई दी। रोशन लाल चामल ने कहा कि इस प्रकार खेलों में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों में अनुशासन और खेल भावना बढ़ती है। छगन सेठी ने कहा कि उनके द्वारा कबड्डी के मैदान में मारा गया एक जफा या हाथ और हॉकी में लगाई गई एक हिट, फुटबाल में लगाई गई एक किक और एक क्रिकेट में मारा गया एक शॉट सफलताओं की बुलंदियों पर पहुंचा सकता है। इस अवसर पर बलदेव सहगल, राजकुमार अरोड़ा, रमेश भंभूर, डॉ. जेआर नारंग, दीपक, नरेश, दीपक गदली, रोहित, प्रदीप जोधकां, अजय, चानू, सुरेश नारंग, देवराज संधा आदि गणमान्य मौजूद थे।*

---

# सहकारिता वर्ष-2025 में साक्षी महिला सहकारी विपणन समिति को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा हरियाणा एवं पंजाब राज्यों की उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहकारी समितियों तथा किसान उत्पादक संगठनों को एनसीडीसी क्षेत्रीय सहकारी उत्कृष्टता एवं योग्यता पुरस्कार-2025 प्रदान किए गए। दोनों राज्यों से कुल सात सहकारी समितियों एवं एफपीओ को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। सिरसा से दी सिरसा साक्षी महिला सहकारी विपणन समिति को सम्मानित किया गया, जिसके तहत उन्हें 35 हजार रुपए का चैक व स्मृति चिह्न दिया गया। समिति की अध्यक्ष विमला सिंवर ने बताया कि इन सोसायटी के अंतर्गत इफको, कृभको, हेफेड, नेफेड, बीबीएसएसएल, एनसीईएल सहकार टैक्सी सहित अनेक संस्थाएं मेंबर बनकर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि महिला सहकारी विपणन समितियों से सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और आय सृजन के लिए किए जा रहे प्रयास जैसे कि नंदिनी सहकार जैसी योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता, बोर्डों में महिलाओं के लिए आरक्षण और सरकारी योजनाओं एव महिलाओं के ठेकों में भागीदारी बढ़ाना शामिल है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और कौशल विकास पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और विपणन कौशल की कमी जैसी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं, जिन्हें दूर करने के लिए प्रशिक्षण और बेहतर पहुंच की आवश्यकता है। सिंवर ने बताया भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री व सहकारिता मंत्रालय से अमित शाह ने पूरे भारत में कृषि उत्पादों को सहकारिता क्षेत्र में लाने का निर्णय लिया है, जिससे किसानों की और महिला समितियों को रोजगार मिल सकेगा।

---

## न्यूज डायरी

### कुलपति ने वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन



सिरसा। चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने गुरुवार को वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आठ सहायक प्राध्यापकों को कन्फर्मेशन लेटर भी दिए गए। प्रो. विजय कुमार ने सभी सहायक प्राध्यापकों को बधाई देते हुए उन्हें शिक्षण, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने शिक्षकों से उच्च शैक्षणिक मानकों और नैतिक मूल्यों की अपेक्षा करता है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक वातावरण के बारे में जानकारी दी।

### योगाचार्य ने विद्यार्थियों को सिखाए योग के गुर

**सिरसा**। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय आवासीय शिविर योगाचार्य जयप्रकाश ने विद्यार्थियों को योग के गुर सिखाए। शिविर में मुख्यातिथि नरेश ग्रोवर ने बच्चों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया व नशों से दूर रहने का संकल्प करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को दूध में शक्ति नशे से मुक्ति की शपथ दिलवाई। योगाचार्य जयप्रकाश ने बच्चों को योग के महत्व के बारे में बताते हुए अनेक प्रकार के लोगों का अभ्यास करवाया व योगिक क्रियाएं सिखाई। इसके साथ-साथ स्वयं सेवकों ने एक नृत्य में संगीत कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी और नए साल का पूरे धूमधाम से स्वागत किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गिरी ने बताया कि रोजाना की कड़ी में आज बच्चों ने डांस की कई कलाएं सीखी व योग का अभ्यास किया, जो उनके नित्य दैनिक जीवन में जरूर काम आएगा। प्रवक्ता हिंदी राजकुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया व पूनम लोहान ने स्मृति चिह्न देकर उन्हें सम्मानित किया।

### डीआरओ ने दिए शिकायतों के समयबद्ध समाधान के निर्देश

**फतेहाबाद**। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित करवा जा रहे समाधान शिविर की श्रृंखला में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान डीआरओ श्यामलाल ने समाधान शिविर में अपनी शिकायत लेकर आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना और समस्याओं के समाधान के लिए बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में दादूपूर निवासी सकीला ने मोगा नंबर 25000 लेफ्ट खुंडर माइनर नई वाराबंदी बनवाने, जांड़वाला बागड़ निवासी राकेश कुमार ने जॉब कार्ड बनवाने, गुरबच्चन सिंह ने गांव बोसवाल के जलघर के ऑपरेटर का वेतन दिलवाने, मानावाली निवासी नारायण सिंह ने फसल बेचने के बाद भुगतान बैंक खाते में न आने, शकुंतला देवी ने घरेलू बिजली का कनेक्शन दिलवाने, रतिया निवासी संतरो ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने, मोचीवाली निवासी सुखवीर ने रिकॉर्ड दुरुस्त करवाने संबंधी अपनी शिकायत रखी।

### स्कूल में हारे का सहारा ट्रस्ट ने बांटी जर्सियां

**चोपटा**। क्षेत्र के गांव कैरांवाली में हारे का सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंद बच्चों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए जर्सियां व भोजन वितरित किया। इस अवसर पर ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल मुख्यातिथि थे। ट्रस्ट के प्रधान मनीष सिंगला ने कहा कि जीवन में अगर कामयाब होना है तो उसका एक ही मूलमंत्र है मां की पूजा। सिंगला ने कहा कि जीवन में अगर कला सीखनी हैं तो चुप रहना सीखिए। प्रो. गणेशी लाल ने कहा कि समाज में सबसे बड़ी पूजा मां की सेवा है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी मां का सम्मान करता है। मां की पूजा और आशीर्वाद ही सफलता की असली कुंजी है। इस दौरान करीब 500 बच्चों में जर्सियां वितरित की गई। इस दौरान मनीष सिंगला ने स्कूल में आयोजित खेल टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए 11 हजार रुपए का सहयोग बतौर प्रोत्साहन दिया गया। इस मौके पर हरपिंद्र शर्मा, योगेश बिजारनिया, सुभाष बेनीवाल, विजय सचदेवा, इंद्रजीत बेनीवाल, रेखा रानी, रमन कुमार, सुखदेव शास्त्री, रामप्रताप कासनिया सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

---

# ‘युद्ध नशे के विरुद्ध’ अभियान का किया शुभारंभ

- अभियान का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को नशे से दूर रखने के लिए जागरूक करना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। युद्ध नशे के विरद्ध अभियान के तहत सेल्फी स्टैंड का शुभारंभ करते एसपी। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस अधीक्षक नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को ''युद्ध नशे के विरुद्ध''अभियान के तहत सिरसा में सेल्फी स्टैंड का शुभारंभ किया। एसपी ने सेल्फी स्टैंड का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को नशे से दूर रहने की शपथ लेकर खुद की फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशे के खिलाफ जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि सिरसा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में प्रत्येक व्यक्ति को नववर्ष पर यह प्रण लेना चाहिए की न तो वह नशा करेगा और न ही अपने आस-पास बिकने देगा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हर परिवार का सदस्य यदि यह संकल्प ले कि वह नशे से दूर रहेगा तो समाज स्वतः ही सुरक्षित व समृद्ध बन सकता है। नशा न केवल मनुष्य की आर्थिक व शारिरिक स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है, बल्कि यह अपराध,घरेलू हिंसा, मानसिक तनाव और सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याओं को भी जन्म देता है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरुक होना होगा और दूसरों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करना होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा मुक्ति की दिशा में आम नागरिकों व युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने के लिए हर संभव प्रयास करना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने आमजन व युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, अपने परिवार, बच्चों, मित्रों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि नशामुक्ति की शुरुआत हमें अपने घर व आस पड़ोस से करनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति नशे से पीड़ित है तो नशा छुडवाने के लिए उसकी मदद करें और पुलिस विभाग को सूचना दें ताकि समय रहते नशा पीड़ित व्यक्ति का स्थानीय प्रशासन के सहयोग से इलाज करवाकर समाज की मुख्यधारा में लाया जा सके।

### श्री राधे निष्काम सेवा मंच ने बांटी जर्सियां

सिरसा। श्री राधे निष्काम सेवा मंच के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगाला में वीरवार को जरूरतमंद व मेधावी विद्यार्थियों को जर्सियां दी गई। सुमन मित्तल ने बताया कि सर्दी के बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए जरूरतमंद विद्यार्थियों को सर्दी से बचाने के लिए उनके अनुरोध पर कंपनी के निर्देशक विवेक सिंगल तथा शरद सिंह ने अपनी कंपनी की तरफ से मंच को जर्सियां उपलब्ध करवाई। उन्होंने कहा कि मुंबई की कंपनी द्वारा सिरसा के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालय के बच्चों के लिए सेवा कार्य करना सभी के लिए गर्व की बात है। मित्तल ने विद्यार्थियों को कहा कि वे सारा ध्यान अध्ययन पर केंद्रित करें और उनकी अन्य जरूरतों का ध्यान श्री राधे निष्काम सेवा मंच द्वारा रखा जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को सफाई व अनुशासन की महत्ता तथा नशे से बचने के बारे में जागरूक करने के साथ साथ सर्दी के मौसम से बचाव के लिए विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से बताया।

---

# वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

### 12 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा ने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए राज्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिकों/संस्थाओं के सम्मान हेतू राज्य पुरस्कार स्कीम के तहत व्यक्तियों/संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता पुरस्कार, शौर्य एवं बहादुरी पुरस्कार, आजीवन उपलब्धि पुरस्कार, वरिष्ठ पेंटर पुरस्कार, वरिष्ठ मूर्तिकला पुरस्कार, वरिष्ठ अभ्यासरत संगीतकार/गायक पुरस्कार, वरिष्ठ नृत्य अभ्यासरत पुरस्कार (सभी श्रेणियों के लिए तीन अलग-अलग पुरस्कार) व वरिष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 30 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसी प्रकार से श्रेष्ठ पंचायत पुरस्कार, श्रेष्ठ स्वैच्छिक संगठन पुरस्कार (बेस्ट एनजीओ), श्रेष्ठ वृद्धाश्रम पुरस्कार व श्रेष्ठ दैनिक देखभाल केंद्र पुरस्कार के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 75 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

---

**परिणाम** विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिया मतदान का प्रभावी संदेश

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं ने दिखाया लोकतांत्रिक जोश, भाषण स्पर्धा में पारुल अव्वल

- कार्यक्रम महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्य डा. लखबीर कौर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ
- विद्यार्थियों को मतदान के अधिकार के प्रति सजग बनाना तथा युवा सहभागिता को बढ़ावा देना उद्देश्य रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


**फतेहाबाद**। महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा में प्रतियोगिताओं में भाग लेती छात्रा। *फोटो : हरिभूमि*

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी मनी राम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में छात्राओं ने लोकतंत्र के प्रति जागरूकता और मतदान के महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों तथा उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती के आदेशानुसार 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कोई मतदाता ना छूटे विषय पर भाषण, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्य डा. लखबीर कौर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. ज्योति ने कहा कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्राओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना, मतदान के अधिकार के प्रति सजग बनाना तथा युवा सहभागिता को बढ़ावा देना है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं ने मतदान का अधिकार, लोकतंत्र की मजबूती और युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार रखे। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ मतदाता जागरूकता का संदेश दिया, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में लोकतंत्र और मतदान के महत्व को रंगों के माध्यम से उकेरा गया।

### निर्णायक समिति ने घोषित किए परिणाम

निर्णायक समिति द्वारा निष्पक्ष मूल्यांकन के बाद भाषण प्रतियोगिता में पारुल ने प्रथम, सबीना ने द्वितीय तथा नीरू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में सोनिया पारिक प्रथम, जिया द्वितीय एवं परीक्षा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में मीनाक्षी ने प्रथम, कुमकुम ने द्वितीय और निशा ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेता छात्राएं 2 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। कार्यक्रम में इलेक्टोरल वोटर आईडी समिति के सदस्य सहायक प्रोफेसर सुमित्रा, सतीश चंद्र, डॉ. ममता व गगनदीप कौर सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क डांस वर्कशॉप में दी नृत्य की ट्रेनिंग

**फतेहाबाद।** सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा 13 वर्षों से आयोजित की जा रही निशुल्क डांस वर्कशॉप में 40 प्रतिभागियों को संस्था की तरफ से निशुल्क डांस वर्कशॉप के माध्यम से नृत्य की बारीकियों से अवगत करवाया जा रहा है। नृत्य निर्देशक कुलदीप बाकोलिया, सोनिया एवं अजय कायत के सानिध्य में बच्चे डांस की विभिन्न स्टेप को बारीकी से सीख रहे हैं। आज के सत्र का शुभारंभ मुकेश नारंग, मुकेश नागपाल एवं गुलशन मुंजाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

### सीईओ ने सुनीं जनसमस्याएं

**सिरसा।** जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र ने वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करना है ताकि उन्हें सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न काटने पड़ें। वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में आई शिकायतों में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) की त्रुटियां, पेंशन, बिजली-पानी की आपूर्ति आदि शिकायतें शामिल रहीं।

### हेरोइन सहित युवक पकड़ा, केस दर्ज

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक सेल पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सिविल हॉस्पिटल सिरसा के पास मौजूद थी। इस दौरान सामने से एक बाइक सवार युवक आता हुआ दिखाई दिया। जब उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 6 ग्राम 3 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान अजय पुत्र अमरजीत निवासी ओढां जिला सिरसा के रूप में हुई है।



**सिरसा।** जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र पहनाते डेरा श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### डेरे ने जरूरतमंदों को वितरित किए वस्त्र

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा के सिरसा ब्लॉक की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों ने शाह सतनाम जी महाराज के एमएसजी भंडारा महीने की शुरूआत मानवता भलाई कार्यों के साथ की। सेवादार मोटरसाइकिल और कारों में टोलियां बनाकर शहर के हुड्डा सेक्टर के साथ बनी झुग्गी-झोपड़ी, प्रेम नगर व अन्य स्लम एरिया में पहुंचे। यहां सर्दी से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार 200 से अधिक कंबल, गर्म कपड़े, टोपियां, जूते और जुराबें वितरित की गईं। सेवादारों ने केवल सामग्री ही नहीं दी, बल्कि जरूरतमंदों को अपने हाथों से वस्त्र पहनाकर सेवा की।

# नववर्ष में बाहरी उत्सव की जगह आंतरिक संस्कार मजबूत करें

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन





**टोहाना।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि व अन्य तथा सिरसा में नववर्ष की पूर्व संध्या पर भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

नव वर्ष के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग के एसडीओ विजय शर्मा ने पत्नी सुमन शर्मा तथा कर्नल भीम सिंह फाऊंडेशन के फाउंडर विक्रम भीम सिंह ने पत्नी निक्की विक्रम सिंह सहित शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष रणबीर गिल एवं सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन अनीता मेहता शामिल हुई। इस दौरान पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट एडवोकेट तनुज गोयल तथा आशीष कौशिक विशेष रूप से शामिल हुए। सेवा केंद्र निमित्त बहन

- **मुख, मस्तक और व्यवहार को इतना मीठा मधुर बनाएं**

वंदना, बहन कौशल्या, बहन बिंदु, बहन मीना व बहन अमित ने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया। इस दौरान बहन वंदना ने कहा कि नए वर्ष को सिर्फ बाहरी उत्सव करके मनाने की वजह आंतरिक संस्कारों का परिवर्तन करके मनाएं तब ही नववर्ष वास्तव में मना सकेंगे। नववर्ष पर अपने मुख, मस्तक और व्यवहार को इतना मीठा मधुर बनाएं कि हर कोई सुख की अनुभूति करें। इस दौरान छोटी कुमारी धृति भाटिया ने ब्रह्माकुमारी की वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। धैर्य और मोक्ष ने ज्ञानवर्धक बातें सुना कर नववर्ष का स्वागत किया। सभी अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर गिल ने कहा कि ब्रहमाकुमारी सेंटर पर आकर वास्तव में बहुत शांति का एहसास होता है, वे जल्द अपने गांव में भी ब्रह्माकुमारी सेंटर का निर्माण अवश्य करवाएंगे। इस अवसर पर खुशीराम, शिवकुमार, संजय डांगरा, कुलवंत, संजीव मेहता, देवेंद्र सेठी, बृजेश पाहवा, सुमन, मंजू पाहवा,एडवोकेट नताशा मेहता, संजय जैसे कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### श्री श्याम बगीची धाम में मना नववर्ष

**सिरसा।** श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भजन संध्या का आयोजन किया गया।मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन- तृ कृपा कर बाबा मैं कीर्तन करवाउंगा, आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में, तू रुक नहीं पाएगा बाबा जब तुम्हें बुलाएगा, खाटू बुला रहा है ये कृपा नही तो क्या है सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। बाद में बठिंडा से आई भजन गायिका आरती खन्ना ने भजन- वीर हनुमाना अति बलवाना, तू क्यू घबराता है, लो आ गया अब तो श्याम शरण तेरी, खाटू के बाबा श्याम जी मेरी रखोगे लाज, साथी हमारा कोन बनेगा तुम नहीं सुनोगे तो कोन सुनेगा, सांसों का बना के बाबा को पहना दे, तेरे हाथों में मेरा हाथ रहे खाटू वाले तू हमेशा मेरे साथ रहे सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालु झूमते रहे। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी श्याम भक्तों ने ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए श्रीश्याम बाबा को बगीची परिसर में 1 फरवरी से 14 फरवरी तक होने वाले चौथे 14 दिवसीय स्थापना महोत्सव का निमंत्रण दिया। श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि आज बाबा को निमंत्रण पत्र देने के साथ ही बगीची परिसर में स्थापना महोत्सव की तैयारियां शुरु कर दी गई है।



**फतेहाबाद।** नशा मुक्ति शिविर में उपस्थितजन को संबोधित करते हुए वक्तागण।

### नववर्ष के उपलक्ष्य में जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने किया नशा मुक्ति शिविर का आयोजन

**फतेहाबाद।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा वीरवार को नववर्ष के उपलक्ष्य में स्थानीय पटवार भवन में नशा मुक्ति शिविर आयोजित किया गया। इस आयोजन में जिला फतेहाबाद के विभिन्न क्षेत्रों से प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आए विद्यार्थियों सहित अनेक लोगों ने भाग लिया। शिविर के दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी दलबीर सिंह ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा उपस्थित विद्यार्थियों को स्वयं नशा न करने और अपने आस-पड़ोस में भी किसी को नशा न करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस विभाग से सुंदर मुसाफिर द्वारा विद्यार्थियों को नशा न करने तथा नशा बेचने वालों के विरुद्ध होने वाली सख्त कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई कि वे न तो स्वयं नशा करेंगे और न ही अपने परिवार के किसी सदस्य को नशा करने देंगे तथा अपने-अपने गांवों और शहरों के मोहल्लों में नशा मुक्ति के लिए आमजन को जागरूक करेंगे। प्रशिक्षणार्थियों को नशे से दूर रहने के उपाय बताए गए, ताकि वे स्वयं और अपने परिवार को नशे से बचा सकें। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मेडिटेशन का सहारा लिया जा सकता है। मादक पदार्थों का उत्पादन एवं तस्करी करने वाले लोगों को इस कार्य को छोडक़र एक नया जीवन शुरू करने की सलाह दी गई, ताकि वे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकें। बताया गया कि एक नशेड़ी व्यक्ति का जीवन केवल नशे तक ही सीमित होकर रह जाता है। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के उपाधीक्षक सुरेन्द्र कुमार, सुनील भाटिया, अंजू रानी, मुकेश बंसल, कृष्ण कुक्कड़ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नववर्ष पर अखंड पाठ का भोग डाला

**ओढां।** नौजवान सभा ओढ़ा द्वारा नववर्ष के उपलक्ष में आयोजित 26वें श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। प्रत्येक वर्ष की भांति गांव की शांति व सुख समृद्धि के लिए 30 दिसंबर को श्री अखंड पाठ का प्रकाश करवाया गया, जिसका भोग नववर्ष पर 1 जनवरी को मजहबी सिख धर्मशाला में डाला गया। भोग के दौरान गुरुद्वारा साहिब ओढ़ा के मुख्यग्रंथी भाई अमृतपाल सिंह और साथियों ने गुरु इतिहास सुनाकर पहुंची हुई संगत को निहाल किया। भोग के उपरांत गांव के गणमान्य व्यक्तियों को सिरोपाओ पहनाकर मान सम्मान किया गया और गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। इस अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्ति, ग्राम पंचायत के सभी सदस्य, सामाजिक व धार्मिक संस्थानों और सभी राजनैतिक पार्टियों के कार्यकर्ता, पुरुष और महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# समाज सेवा, स्वच्छता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव भिरड़ाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने ध्वजारोहण के साथ किया। इस शिविर में स्कूल के कक्षा 12वीं से 50 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। सात दिन तक चलने वाले इस शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएंगे। कार्यक्रम में मंच संचालन दिवाकर सर ने किया। एनएनसएस स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि एनएसएस का महत्व युवाओं में सामाजिक जागरूकता, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र-निर्माण की भावना विकसित करने में है, जो उन्हें सामुदायिक सेवा, सामाजिक समस्याओं को समझने और व्यावहारिक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करती है, जिससे व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है। सात दिवसीय विशेष शिविर के कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार ने शिविर में चलने वाली अनेक गतिविधियों को विस्तार से बताया। आज शिविर की शुरुआत प्रार्थना जिसमें स्वयंसेवकों ने राष्ट्र सेवा की शपथ ली।



**फतेहाबाद।** भिरड़ाना विद्यालय में आयोजित एनएनएस शिविर में भाग लेते स्वयंसेवक व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# छात्रों में लीडरशिप, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना पैदा करता है एनएसएस

- **भूथनकलां में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव भूथनकलां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत वंदे मातरम् गीत और एनएसएस गीत के साथ हुई। शिविर को लेकर विद्यालय के स्वयंसेवकों में काफी उत्साह नजर आया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद फतेहाबाद की चेयरपर्सन एडवोकेट सुमन खिचड़ व समाजसेवी सुभाष खिचड़ ने भाग लिया। विद्यालय के प्रभारी सुरेन्द्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। इस अलावा स्वयंसेवकों ने श्रमदान भी किया। शाम के समय बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया गया। जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए एनएसएस के महत्व तथा विकसित भारत में इसके योगदान की के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों कहा कि ये सात दिन आपके जीवन के सबसे यादगार दिन होने वाले हैं।



**फतेहाबाद।** गांव भूथनकलां में एनएनएस स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते जिप चेयरपर्सन सुमन खिचड़। फोटो : हरिभूमि

### प्रोत्साहित किया

सुभाष खिचड़ ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। एनएसएस केवल एक एक्स्ट्रा-करिकुलर गतिविधि नहीं है, बल्कि यह 'युवा शक्ति' को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोडने वाली शक्ति है। एनएसएस इंचार्ज सतपाल ने अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त अध्यापक गण उपस्थित रहे।



**फतेहाबाद।** क्रेसेंट स्कूल के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### क्रेसेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**फतेहाबाद।** क्रेसेंट स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्य, नाट्य प्रस्तुतियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों की भाईचारे से ओतप्रोत प्रस्तुति व भाईचारे और एकता के संदेश से भर दिया। इस दौरान नन्हें मुन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, नाट्य प्रस्तुतियों व प्रेरणादायक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। स्कूल प्रधानाचार्य रितु संधु एवं प्रबंधक समिति की ओर से शुभकामना संदेश में उत्साह, छात्रों के भविष्य के लिए प्रेरणा, कड़ी मेहनत और अनुशासन पर जोर, और एक सकारात्मक व सहयोगी माहौल बनाने का संदेश दिया, जिसमें वे सभी को मिलकर स्कूल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में मन लगाकर पढने, अनुशासन में रहने और अपने स्कूल, माता-पिता तथा देश का नाम रोशन करने का संदेश दिया।

# बाबा ब्रह्मदास महाराज ने युवाओं को दूध पिलाकर नशे से दूर रहने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नववर्ष के अवसर पर गांव भरोखां में भूमणशाह ग्राम बाबा भूमणशाह संघर साधा के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज ने युवाओं को दूध पिलाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग ही राष्ट्र के निर्माता होते हैं। इसलिए युवा वर्ग को अपनी मेहनत, लग्न, एकाग्रता से अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने का प्रयास करना चाहिए और नशे से दूर रहना चाहिए। नशा नाश का मु य द्वार है। नशे का शिकार व्यक्ति समाज व परिवार से कट जाता है और उसका जीवन अंधकारमय हो जाता है। इसलिए अभिभावकों को भी चाहिए कि वो अपने बच्चों की समय-समय पर देखभाल करते रहें कि वो किसी गलत संगत में तो नहीं पड़ गए हैं, वो नशे का शिकार तो नहीं हो गए हैं। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने बाबा ब्रह्मदास महाराज का फूल मालाओं से स्वागत किया।



**सिरसा।** बाबा ब्रह्मदास युवाओं को दूध पिलाकर नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए। फोटो : हरिभूमि



**फतेहाबाद।** आदर्श स्कूल दरियापुर में विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।

### आदर्श स्कूल, दरियापुर में ब्लेसिंग सेरेमनी का आयोजन

**फतेहाबाद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियापुर में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 'ब्लेसिंग सेरेमनी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके आगामी भविष्य के लिए प्रेरित करना और उन्हें उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, गेम्स और टाइटल समारोह शामिल थे। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों को भी टाइटल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के एमडी दर्शन मेहता, प्रिंसिपल अंजलि मेहता, निदेशक साहिल मेहता और वाइस प्रिंसिपल सीमा कोचर ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

**विरोध** | प्राथमिक शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

# अंतर-जिला स्थानांतरण की सुविधा सभी जिलों में लागू करने करने की मांग

**प्राथमिक शिक्षकों को बीएलओ के कार्य से मुक्त करने सहित अन्य मांगों को लेकर विरोध जताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला फतेहाबाद का प्रतिनिधिमंडल आज फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला प्रधान योगेन्द्र वर्मा ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मांग की कि वह उनकी इन समस्याओं को सरकार से बातचीत कर समाधान करवाएं। प्रतिनिधिमंडल में जिला प्रधान योगेंद्र वर्मा के अलावा जिला महासचिव अनूप गोरा, राज्य चेयरमैन देवेन्द्र दहिया, जिला उपप्रधान राकेश मदान, वरिष्ठ उप प्रधान भजन कंबोज, भट्टू खण्ड प्रधान अजीत छाबा रामसरा, टोहाना खण्ड उप प्रधान पीर चंद, टोहाना खण्ड सचिव विनोद कुमार, अशोक मिगलानी फतेहाबाद प्रधान, दिनेश मेहता, रोहताश, पूर्व जिला प्रधान विकास टुटेजा, सुभाष भुना प्रधान आदि शामिल रहे।



**फतेहाबाद।** विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया को ज्ञापन सौंपते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये बोले संघ के पदाधिकारी

जिला प्रधान योगेन्द्र वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा जारी नई स्थानांतरण नीति में प्रत्येक विद्यालय में 5 वर्ष तथा खंड में 15 वर्ष की जो बाध्यता निर्धारित की गई है, उस पर संघ को कोई आपत्ति नहीं है परन्तु संघ मांग करता है कि यदि किसी शिक्षक का एक ही खंड में 15 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण हो चुका है, तो उसे स्थानांतरण प्रक्रिया में अवश्य शामिल किया जाए, किंतु उस खंड को भी पुनः उसके लिए एक विकल्प के रूप में खोला जाए। यदि वह अध्यापक मेरिट के आधार पर उसी खंड में पात्र होता है, तो उसे उसी खंड में स्थानांतरण का लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई जिलों में नए खंड बनाए गए हैं, परंतु शिक्षा विभाग द्वारा अभी तक उन्हें शैक्षणिक खंड घोषित नहीं किया गया है। उनकी मांग है कि जनरल ट्रांसफर ड्राइव शुरू होने से पूर्व ऐसे सभी खंडों को शैक्षणिक खंड घोषित किया जाए।

### वरीयता को ध्यान रखें

इसके अलावा संघ ने मांग की है कि अंतर-जिला स्थानांतरण की सुविधा सभी जिलों में लागू की जाए तथा इसे सीनियरिटी के आधार पर किया जाए, जिससे लंबे समय से अपने परिवार से दूर कार्यरत शिक्षकों को अपने गृह जिले में सेवा करने का अवसर मिल सके। कर्मचारियों पर आश्रित माता-पिता एवं अन्य परिवारजनों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु निर्धारित 42 हजार की आय सीमा को समाप्त कर असीमित किया जाए, ताकि गंभीर बीमारी की स्थिति में कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिल सके। सर्विस रूल्स 2016 के अंतर्गत एनसीटीई से मान्यता प्राप्त डाइट से प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों को, 12वीं कक्षा में 45 प्रतिशत अंकों की शर्त पूर्ण होने पर एसीपी का लाभ प्रदान किया जाए। पुरानी ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार पति-पत्नी दोनों समान रूप से 10-10 अंक दिए जाने चाहिए। ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाश के दौरान केवल प्राथमिक शिक्षकों को ही रिफ्रेशर कोर्स करवाए जाते हैं।



**सिरसा।** चेस चैंपियनशिप विजेता हितार्थ को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### चेस चैंपियनशिप में हितार्थ ने बनाई टॉप-10 में जगह

**सिरसा।** गुवाहाटी में बीती 27 से 31 दिसंबर तक आयोजित 14वीं नेशनल स्कूल चेस चैंपियनशिप में हितार्थ गोयल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-7 वर्ग में पूरे भारत में टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। हितार्थ गोयल के पिता हेमंत गोयल ने बेटे की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कम उम्र में हितार्थ गोयल इससे पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं। उन्होंने मात्र 4 वर्ष 7 माह 21 दिन की आयु में 10 मिनट 15 सेकंड में मेगामिक्स रूबिक क्यूब सॉल्व कर यंगेस्ट टू सॉल्व, मेगामिक्स रूबिक क्यूब का वल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जो अपने-आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।